दैनिक भास्कर 23/02/2023

# विद्यार्थियों के लिए संगोष्ठी का होना महत्वपूर्ण : मल्होत्रा




**अम्बाला** | जीएमएन कॉलेज में राज्य स्तरीय विद्यार्थी संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसका आयोजन राजनीतिक विज्ञान विभाग और इलेक्टोरल लिट्रेसी क्लब की ओर से समझौता पत्र के अंतर्गत प्रो. वीर सेन विनय मल्होत्रा ट्रस्ट अम्बाला के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त और विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र सिंह नैन ने मुख्यातिथि डॉ. विनय मल्होत्रा और अन्य अतिथि डॉ. हरपाल सैनी का स्वागत किया। मुख्यातिथि ने कहा कि जीएमएन कॉलेज की ये अनूठी पहल है, क्योंकि विद्यार्थियों के लिए विद्यार्थी संगोष्ठी का होना महत्वपूर्ण है, जिससे विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ेगा। इस मौके पर डॉ. हरपाल सैनी, विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र सिंह नैन, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. सरोज बाला, डॉ. तृप्ति शर्मा, लवप्रीत सिंह व विशाल तनेजा मौजूद थे।